आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार
देहरादून (उत्तराखण्ड)
शुक्रवार 23.05.2025
समय 1305

मुख्य समाचार :–

- हरिद्वार जिला योजना समिति की बैठक में चालू वित्तीय वर्ष के लिए 67 करोड़ 35 लाख रुपए का परिव्यय अनुमोदित।
- ई–ऑफिस प्रणाली के क्रियान्वयन में प्रदेश में पौड़ी गढ़वाल की उल्लेखनीय प्रगति।
- पिथौरागढ़ में भारतीय सेना ने सामुदायिक रेडियो स्टेशन की शुरुआत की।
- सोशल मीडिया पर रील बनाने वाले स्टंट बाइकर्स की निगरानी के लिए क्षेत्रीय परिवहन कार्यालय, देहरादून ने टीम का गठन किया।

जिला योजना हरिद्वार

पर्यटन मंत्री और हरिद्वार जिल के प्रभारी मंत्री सतपाल महाराज की अध्यक्षता में जिला योजना समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में चालू वित्तीय वर्ष के लिए जिले के लिए कुल प्रस्तावित परिव्यय 67 करोड़ 35 लाख की धनराशि का अनुमोदन किया गया। इस अवसर पर श्री महाराज ने बताया कि कुल परिव्यय की 19 प्रतिशत से अधिक धनराशि, स्वरोजगार और आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देने के लिए प्राविधानित की गई है। जिला योजना में नवाचार और अभिनव कार्यों के प्रस्तावों को प्रोत्साहित किया गया है। उन्होंने बताया कि स्थानीय स्तर पर सतत् विकास लक्ष्य को ध्यान में रखते हुए जिला योजना संरचना तैयार की गई है।

ई–ऑफिस पौड़ी

पौड़ी गढ़वाल, ई–ऑफिस प्रणाली के क्रियान्वयन में प्रदेश में आगे चल रहा है। अब तक जिला स्तर पर अठाईस हजार तीन सौ ई–फाइल तैयार हो चुकी हैं और पैंसठ विभाग ई–ऑफिस पोर्टल पर नामांकन करा चुके हैं। जिले की उल्लेखनीय प्रगति पर मुख्य सचिव आनंद बर्द्धन ने जिला प्रशासन की सराहना की है। पौड़ी जिले की ई–ऑफिस प्रणाली लागू करने में अग्रणी भूमिका रही हैं। जिलाधिकारी डॉ. आशीष चौहान ने बताया कि ई–ऑफिस के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए निरंतर निगरानी और समीक्षा की जा रही है, जिससे विभागों में इसे लेकर सक्रियता बढ़ी है। जिलाधिकारी ने कहा कि सूचना प्रौद्योगिकी के इस अभिनव उपयोग ने न केवल कार्यालयी कार्यप्रणाली को गति दी है, बल्कि इससे शिकायतों के त्वरित निस्तारण, पत्रावलियों की तात्कालिक उपलब्धता, पारदर्शिता और निगरानी में भी उल्लेखनीय सुधार हुआ है।

गौरतलब है कि प्रशासनिक पारदर्शिता और त्वरित गति से फाइलों के निस्तारण के लिए सरकार ने ई–ऑफिस प्रणाली पर जोर दिया है। इसका उद्देश्य सभी सरकारी कार्यालयों में सरलीकृत, उत्तरदायी, प्रभावी

और पारदर्शी कामकाज करना है। ई–ऑफिस सिस्टम से फाइलों की ऑनलाइन ट्रैकिंग आसान हो गयी है। प्रदेश में 21 जनवरी, 2020 को ई–ऑफिस प्रणाली का शुभारम्भ हुआ था।

रक्षा अलंकरण समारोह

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने कल राष्ट्रपति भवन में रक्षा अलंकरण समारोह के पहले चरण में सशस्त्र बलों, केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल और राज्य तथा केंद्रशासित प्रदेश पुलिस के कर्मियों को वीरता पुरस्कार प्रदान किए। इनमें छह कीर्ति चक्र और 33 शौर्य चक्र शामिल थे।

48 राष्ट्रीय राइफल्स के वीर शहीद, उत्तराखण्ड के कैप्टन दीपक सिंह को मरणोपरांत शौर्य चक्र से अलंकृत किया गया। वे अगस्त 2024 में आतंकवादियों से मुठभेड़ के दौरान राष्ट्र की रक्षा करते हुए वीरगति को प्राप्त हुए।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि शहीद कैप्टन दीपक सिंह का शौर्य, बलिदान और कर्तव्यनिष्ठा आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणास्रोत है।

सामुदायिक रेडियो स्टेशन

पिथौरागढ़ में भारतीय सेना की ओर से आज से सामुदायिक रेडियो स्टेशन की शुरुआत की गई है। इसका शुभारंभ मध्य कमान के लेफ्टिनेंट जनरल अनिद्य सेन गुप्ता ने किया। रेडियो स्टेशन की स्थापना जनरल बी.सी जोशी आर्मी पब्लिक स्कूल में की गई है। इस मौके पर लेफ्टिनेंट जनरल अनिंद्य सेन गुप्ता ने बताया कि इस रेडियो स्टेशन को शुरू करने का उद्देश्य मनोरंजन सहित विभिन्न प्रकार की सूचनाएं और विकास कार्यों में सेना की भूमिका को लोगों तक पहुंचाना है।

इस मौके पर जिलाधिकारी विनोद गोस्वामी ने कहा कि यह पिथौरागढ़ जिले का पहला कम्युनिटी रेडियो स्टेशन है। उन्होंने सेना की इस पहल सराहना करते हुए कहा कि इससे स्थानीय लोक कलाकारों और प्रतिभाओं को भी एक नया मंच मिलेगा।

स्कूली छात्रों का कहना है कि रेडियो स्टेशन के खुलने से उन्हें लाभ मिलेगा।

स्टंट बाइकर्स

सोशल मीडिया पर रील बनाने वाले स्टंट बाइकर्स की निगरानी के लिए क्षेत्रीय परिवहन कार्यालय ने एक टीम का गठन किया है। देहरादून के संभागीय परिवहन अधिकारी संदीप सैनी ने बताया कि कुछ स्टंट बाइकर सोशल मीडिया पर रील बनाने के लिए सड़कों पर नियमों की अनदेखी करते हैं और सीसीटीवी कैमरे से बचने के लिए नंबर प्लेट पर टेप से नंबर को छुपा देते हैं। अब टीम इसकी गहन निगरानी करेगी। सीसीटीवी कैमरों में बाइक का नंबर न दिखने पर ये टीम इंस्टाग्राम आईडी समेत तमाम दूसरे

सोशल मीडिया प्लेटफार्म खोजेगी, जिसके जरिए स्टंट बाइकर्स के घर तक पहुंचकर चालानी कार्रवाई के साथ ही लाइसेंस भी रद्द किया जाएगा।

नशीली दवाएं बरामद

ड्रग्स फ्री उत्तराखंड अभियान के तहत ड्रग्स विभाग और एएनटीएफ पुलिस की संयुक्त टीम ने रुड़की सिविल लाइन कोतवाली क्षेत्र के जौरासी स्थित एक मेडिकल स्टोर पर छापा मारकर भारी मात्रा में नशीली दवाएं बरामद की हैं। इस दौरान बिना लाइसेंस मेडिकल स्टोर चला रहे संचालक को गिरफ्तार किया गया। कल देर रात औषधि निरीक्षक अनीता भारती ने एएनटीएफ पुलिस टीम के साथ एक मेडिकल स्टोर पर छापामारी की, जिसमें मौके पर चार हजार आठ सौ नारकोटिक्स कैप्सूल, उनत्तीस सिरप और अन्य नशीली दवाइयाँ बरामद हुई।